बरेली, मंगलवार
12 मई, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

दैनिक जागरण

साक्षात्कार में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

बरेली: एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग में एपी आटोजोन की ओर से एमबीए 2027 बैच के विद्यार्थियों के लिए समर ट्रेनिंग आयोजित की गई। वहीं, 2026 बैच के विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। शुभारंभ ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट के निदेशक डा. अनुज कुमार ने किया। चयन प्रक्रिया का प्रारंभ कंपनी प्रजेंटेशन के साथ हुआ। एमबीए के विद्यार्थियों का फेस टू फेस इंटरव्यू हुआ। इस ड्राइव में 11 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 2027 बैच के चार और 2026 बैच के पांच विद्यार्थियों का फाइनल सलेक्शन हुआ। शाइस्ता कमर जैदी, रिया मेरी रेजी, राहुल सक्सेना का विशेष योगदान रहा। (वि.)